संख्या–cm-442
04/09/2021

# टोक्यो पैरालंपिक 2020 के पी4 मिक्सड 50 मीटर पिस्टल एस0एच0–1 इवेंट में भारत के लिये स्वर्ण पदक जीतने पर मुख्यमंत्री ने श्री मनीष नरवाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

पटना, 04 सितम्बर 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने टोक्यो पैरालंपिक 2020 के पी4 मिक्सड 50 मीटर पिस्टल एस0एच0–1 इवेंट में भारत के लिये स्वर्ण पदक जीतने पर श्री मनीष नरवाल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 50 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में भारत के श्री मनीष नरवाल ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। उनकी कड़ी मेहनत, जुनून और दृढ़ संकल्प ने ही आज उन्हें इस मुकाम पर पहुँचाया है। उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जिस पर पूरा देश आज गौरवान्वित है। वे निरंतर प्रगति के शीर्ष पर पहुँचें और देश का नाम रौशन करते रहें, ऐसी मेरी कामना है।

******